### राज्य के मेधावी विद्यार्थियों को जैक में विधानसभा अध्यक्ष ने किया सम्मानित

# सरकारी विद्यालयों को भी निजी स्कूलों की तरह बनाना होगा : रविंद्रनाथ महतो

## जैक बोर्ड 2023 की परीक्षा के टॉपरों को मिला गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने शनिवार को 20वीं वर्षगांठ मनायी। इस मौके पर जैक द्वारा आयोजित 2023 को परीक्षा में टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। जैक सभागार में आयोजित स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह के दौरान जैक के परीक्षाफल का ऑनलाइन सर्टिफिकेशन वेरिफिकेशन पोर्टल जारी किया गया। स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि निजी स्कूलों की तरह सरकारी स्कूल को भी बनाना होगा। ऐसा नहीं करने पर राज्य में दो तरह की व्यवस्था हो जायेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सचेत होने की आवश्यकता है।

**सीबीएसई और जैक में कोई तुलना ही नहीं :** वहीं, जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि सीबीएसई और जैक में कोई तुलना ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई स्कूलों में पैसों वाले के बच्चे पढते हैं। जैक बोर्ड में गरीब और ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश बच्चे पढते हैं। सीबीएसई की तुलना में जैक को बेहतर बताते हुए कहा कि जिस आठवीं बोर्ड की परीक्षा जैक ने 2018 में शुरू की। सीबीएसई 2024 में शुरू करने जा रहा है। इस मौके पर सम्मानित हुए मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमार पासी ने कहा कि आप ऐसे ही बेहतर प्रदर्शन करके राज्य और देश का नाम रोशन करें।

**26 में से 25 टॉपर हुए सम्मानित**

जैक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के द्वारा इस साल विभिन्न परीक्षा में टॉपर बने 26 में से 25 को सम्मानित किया गया। सम्मान के तौर पर गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र और 21 हजार, 15 हजार और 10 हजार का पुरस्कार भी दिया गया। विद्यार्थियों के साथ साथ कोडरमा, हजारीबाग और जामताड़ा के जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी सम्मानित किया गया।

**पोर्टल से मिलेगी ये सुविधाएं :** इस पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी को घर बैठे ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्राप्त करने के अलावे जैक से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों तथा इंटर कॉलेज में कक्षा संचालन के लिए तैयार नियमावली और आगामी परीक्षा के आयोजन से संबंधित जानकारी ले पाएंगे। इस अवसर पर स्पीकर रवीन्द्र नाथ महतो ने राज्य के शैक्षणिक माहौल पर चिंता जताई है।

**इन्हें मिला गोल्ड मेडल :** तनवीर आलम, तकदीश रजा, मोहम्मद फरहान, मोहम्मद जाकिर अंसारी, फौजान मोहम्मदी ,रियान फरीदी, सनिश यादव,शुभदीप तरफदार, श्रेया सॉनगिरी,कशिश परवीन, सृष्टि कुमारी, और दिव्या कुमारी को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। मध्यमा बोर्ड में टॉपर अंबिका प्रसाद कार्यक्रम में किन्हीं वजहों से उपस्थित नहीं हो सकी थी।

**इन्हें मिला सिल्वर मेडल :** सौरभ कुमार पॉल, दीक्षा साहू, खुशी कुमारी और महवीश परवीन को सिल्वर मेडल दिया गया।

**इन्हें मिला ब्रॉन्ज मेडल :** दीक्षा भारती, दीप मिश्रा, सुधांशु कुमार, प्रियंका घोष, पवन कुमार राणा, रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, रिया केसरी और श्रुति कुमारी को ब्रॉन्ज मेडल दिया गया।

## कल्याण निदेशक और उप निदेशक ने 3 आंगनवाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण



### अधिकारियों ने मिड डे मिल समेत पोषण ट्रैकर की भी जांच की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** निदेशक, समाज कल्याण-सह-परियोजना निदेशक झारखंड महिला विकास शशि प्रकाश झा एवं सहायक निदेशक कंचन सिंह ने शनिवार को रांची जिले के अड़की प्रखंड के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों (उलिहातु, बाड़ी निचकेल, तुबिल) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम बिरसा ओड़ा में सभी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सेंटर में सेविकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच की एवं बच्चों को मिलने वाले मिड डे मिल की जानकारी ली और जांच भी की। साथ ही उत्तम मिड-डे मिल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर अधिकारियों ने पोषण ट्रैकर की भी जांच की। साथ ही तेजस्विनी परियोजना द्वारा किये कार्य की जानकारी ली और तेजस्विनी क्लब की चर्चा की गयी। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका और तेजस्विनी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 4 को सीआइटी में वायु सेना का कॅरियर पब्लिसिटी प्रोग्राम

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी ) में 4 सितम्बर को भारतीय वायु सेना के तत्वाधान में एक दिवसीय करियर पब्लिसिटी प्रोग्राम का आयोजन होगा। इसमें सीआईटी के अलावे आसपास के उच्च तकनिकी संस्थानों के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। जिसके लिए वेन्यू के रूप में सीआईटी को केंद्र बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान इंडियन एयरफोर्स द्वारा कार्यक्रम स्थल पर इंडक्शन व्हीकल एग्जिवीशन का भी आयोजन किया गया है। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रो. इंचार्ज डॉ कैलाशपति दत्ता ने बताया की इस महत्वकांक्षी प्रोग्राम में भारतीय वायु सेना के आगंतुक अधिकारीयों द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना में जॉइनिंग हेतु करियर कॉउंसलिंग, एक्सपर्ट टॉक आदि का आयोजन भी होगा। बताते चलें कि कार्यक्रम में इंजीनिरिंग के सभी ब्रांच के विद्यार्थी भाग लेंगे, जिसे लेकर विद्यार्थियों में उत्साह एवं कौतुहल देखा जा रहा है।

## कांके रोड में हुई लाखों के जेवरात चोरी, नौ दिन बाद भी चोर फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस अपने कर्तव्य के प्रति किस प्रकार संजीदा है। यह गोंदा थाना पुलिस के रवैये से ही पता चल जाता है। मामला डैम साइड स्थित एक घर से जुड़ा है। 25 अगस्त की रात में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगद सवा लाख तथा लाखों रूपए के जेवरात, पासबुक उड़ा लिया। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, लगभग साढ़े छह लाख रूपए मूल्य के आभूषणों की चोरी कर ली गई। जिस वक्त घटना घटी, घर का स्वामी सपरिवार बंगलोर चले गये थे। इस चोरी के मामले में व आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने भी गोंदा थाना पुलिस से कहा, लेकिन घटना के नौ दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। कांके डैम साइड रोड में रहनेवाले सुभाशीष भटटाचार्य ने दर्ज प्राथमिकी में कहा कि घर छोड़ने से पूर्व घर के निचले भाग पर एक कर्मचारी को रखा था। 25 अगस्त की शाम उस कर्मचारी ने सूचित किया कि उनके ऊपरी तल्ले का ताला टूटा हुआ है। फोन पर चोरी की सूचना पर गोंदा थाना पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की।

**तौलिया चेहरे पर ढंक कर निकले थे अपराधी**

घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में पाया गया कि चोर घर के तौलिया से चेहरे को ढंक कर निकल रहे हैं। यहां तक पीड़ित ने यह भी बताया कि चोरों ने किस प्रकार के बैग में सामान लेकर गये हैं। लेकिन, आजतक पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच सकी। इस संबंध में थानेदार रवि ठाकुर का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डीएवी हेहल के नौनिहालों ने मिशन मून की सफलता का मनाया जश्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** डीएवी हेहल के बहुद्देश्यीय सभागार में शनिवार को 5वीं के विद्यार्थियों ने चन्द्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण का मॉडल विक्रम लैंडर एवं प्रज्ञान रोवर का प्रदर्शन कर जश्न मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के संदर्भ में सविस्तार से बताया।

उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों के अटल प्रयास और तकनीकी प्रगाढ़ता की प्रशंसा की। श्री मिश्रा ने विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों एवं बच्चों के रचनात्मक कौशल को भी सराहा। उन्होंने कहा कि आज के हमारे नौनिहाल ही भविष्य के वैज्ञानिक, दार्शनिक, योग्य नागरिक और समाज सुधारक की भूमिका अदा करेंगे।

मालूम हो कि चन्द्रयान-3 के वैज्ञानिकों की टीम में देश के विभिन्न डीएवी विद्यालयों के भूतपूर्व छात्रों की अहम भूमिका है, जो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)में वैज्ञानिक हैं।

### खबर एक नजर में

## संत माइकल्स में बच्चों ने बाल-लीला की झांकी पेश की



**रांची।** संत माइकल्स प्ले स्कूल, रातु, की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी को ले कर शनिवार को विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे – छोटे बच्चों द्वारा श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के भिन्न रूपों, झांकियों के अद्भुत एवं मनोभावन रूपों को दर्शार्या गया, जिसे उपस्थित अभिभावकों और शिक्षिकाओं ने सराहा। इन झाँकियों में विशेष रूप से तीन से पाँच वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या वंदना बहल ने बच्चों को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रमुख रूप से उल्लेख करते हुए बच्चों को जन्माष्टमी पर्व का महत्त्व बताया। देवकी और वासुदेव के रूप में अराध्या कुमारी और कुंदन बराईक, यशोदा और नंद के रूप में हर्षाली और युवराज शाही, रुक्मिणी के रूप में अहाना सिंह, सुदामा के रूप में अंश राज, सैनिकों के रूप में अनीश भगत और हितेन भगत, देवताओं के रूप में यश राज मुंडा (कृष्ण), हर्षित कुमार (बाल कृष्ण), ऋद्धि कुमारी (राधा) ने मथुरा और गोकुल का दृश्य प्रस्तुत किया। कक्षा प्री के जी, के जी और प्रेप के सभी बच्चों ने अपने मोहक नृत्य से सबका मन मोह लिया। इसे सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं इशिका सिंह, इंद्रजीत कॉर, खुशबू रानी, श्रीमती प्रियंका सिंह, सुमन गुप्ता तथा विद्यालय की इंचार्ज रशमीत कॉर का विशेष योगदान रहा।

## रिम्स के रिसर्च प्रोजेक्ट में काम करने को टेक्नीशियन-मेडिकल ऑफिसर का चयन

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ने शनिवार को असिस्टेंट इंजीनियर, प्रोजेक्ट टेक्नीशियन और मेडिकल रिसर्च ऑफिसर के साक्षात्कार के बाद परिणाम का प्रकाशन दिया है। 21 अगस्त को आयोजित साक्षात्कार के उपरांत रिम्स में अनुबंध पर असिस्टेंट इंजीनियर के लिए कृष्ण किंकर मिश्रा का चयन हुआ है। वहीं विजय कुमार वेटिंग लिस्ट में हैं। मालूम हो कि इसके लिए 11 मई को विज्ञापन का प्रकाशन किया गया था।

**प्रोजेक्ट टेक्नीशियन को शशि रंजन चयनित :** वहीं प्रोजेक्ट टेक्नीशियन के पद पर शशि कुमार रंजन का चयन हुआ है। मालूम हो कि डीन रिसर्च के द्वारा 22 अगस्त को साक्षात्कार के आधार पर चयन किया गया है। चयनित उम्मीदवार को रिसर्च प्रोजेक्ट जिसका विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड फॉर डिटेक्शन ऑफ ब्रेस्ट एंड ओरल कैंसर पर काम करना होगा।

**डॉ ज्योति ठाकुर का मेडिकल रिसर्च ऑफिसर के पद पर चयन :** वहीं, मेडिकल रिसर्च ऑफिसर के पद पर डॉ ज्योति ठाकुर का चयन हुआ है। इन्हें रिसर्च प्रोजेक्ट स्पॉट चेक एसपीएचबी डाटा कलेक्शन इन एडल्ट, पीडियाट्रिक एंड प्रेग्नेंट सब्जेक्ट हर काम करना होगा। चयनित उम्मीदवार को 10 दिन के अंदर डीन रिसर्च के कार्यालय में अपना योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

## डीसी समेत कर्मियों ने किया रक्तदान

रांची। समाहरणालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लॉक-ए स्थित जी-1 में राजेन्द्र इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस (रिम्स) के तत्वावधान में आयोजित शिविर में उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा सहित पदाधिकारियों/कर्मियों ने रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान के बाद उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि रिम्स राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल है। पूरे राज्य से मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं, इमरजेंसी में खून की आवश्यता होती है। ऐसे में रिम्स में सभी ग्रुप के ब्लड हमेशा उपलब्ध रहे ये हमारी जिम्मेदारी है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि खून शरीर के लिए आवश्यक तत्व है, इसकी भरपाई कहीं और से नहीं हो सकती, सिर्फ एक इंसान ही इंसान को रक्त उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने स्वस्थ व्यस्कों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि इससे किसी तरह का शारीरिक नुकसान नहीं होता।

## जे मोहन्ती बने टेंडर हार्ट स्कूल के निदेशक

**रांची।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित जमेश्वर मोहन्ती ने टेंडर हार्ट विद्यालय के निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। जे मोहन्ती को उल्लेखनीय योगदान के लिए 2005 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के हाथों राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। विगत 34 वर्षों के कैरियर में जे मोहन्ती ने 27 वर्षों तक डीपीएस कोरबा, विद्यानगर, रांची एवं नवी मुम्बई के प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। श्री मोहन्ती के नेतृत्व में डीपीएस नवी मुम्बई ने 2014 से 2022 तक लगातार पूरे भारत के सर्वोच्च विद्यालय का खिताब हासिल किया। टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने नवनियुक्त निदेशक जे मोहन्ती का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए बताया कि श्री मोहन्ती ने पूर्व में जितने भी विद्यालयों में अपना योगदान दिया है उस विद्यालय की गिनती देश के अग्रणी विद्यालयों में हमेशा हुई है। उन्होंने भरोसा जताया है कि श्री मोहन्ती के विराट अनुभव एवं बहुआयामी व्यक्तित्व से सम्पूर्ण टेंडर हार्ट परिवार लाभान्वित होगा एवं उनके मार्गदर्शन में टेंडर हार्ट विद्यालय सफलता की नयी ऊंचाइयों को छूएगा।

## विश्व शांति को ले कर विहंगम योग समारोह

**रांची।** धनबाद में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विहंगम योग समारोह की शुरुआत हो गयी है। समारोह में 56 देशों के अध्यात्म प्रेमी इस समारोह में शामिल हो रहे हैं। विश्व शांति के लिए होने वाले इस समारोह का समापन रविवार को 5101 हवन कुंडीय यज्ञ के साथ होगा। शनिवार को जिले के मेमको मोड़ हीरक रोड स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इस दो दिवसीय समारोह की शुरुआत हुई। विश्व शांत के लिए यज्ञ और रुद्राभिषेक, मंत्रोच्चार से पूरा इलाका गूंज रहा है। समारोह और यज्ञ में करीब एक लाख लोगों के लिए हर तरह की व्यवस्था की गयी है। आचार्य स्वतंत्र देव जी महाराज और संत विज्ञान देव जी महराज समारोह में मुख्य रूप से शामिल होंगे। शनिवार शाम 6 बजे से लेकर रात 9 बजे तक स्वामी विज्ञान देव जी महाराज के प्रवचन का कार्यक्रम निर्धारित है। रविवार को यज्ञ के बाद संत विज्ञान देव जी और आचार्य स्वतंत्र देव जी महराज की अमृत वाणी होगी।

# रिशालदार बाबा का कौन करेगा खिदमत, फैसला आज



टीम खिदमत




टीम कुतुब

## रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी चुनाव आज, तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिशालदार शाह बाबा दरगाह का कौन करेगा खिदमत इस पर आज फैसला होगा। कमेटी की चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। चुनाव कमेटी के शाहीन अहमद, सरफराज कुरैशी, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद वसीम, ने बताया के दरगाह कमेटी का चुनाव को लेकर सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। 16 पद के लिए 39 उम्मीदवार मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। 138 वोटर मतदान करेंगे। मतदान सुबह 8:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक रिशालदार बाबा मुसाफिरखाना में किया जाएगा।

मतदान और मतगणना के लिए सीसीटीवी कैमरा और पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी रहेगी। मतगणना 4: 30 बजे शाम में शुरू होगी। चुनाव कमेटी का एक ही लक्ष्य है चुनाव को साफ सुथरा कराना।



**टीम कुतुब काम करने पर यकीन रखती है: गब्बर :** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह के विकास कार्य जो अपने आप मे झारखण्ड में एक मिसाल है। यूँ तो बाबा के आस्ताने में समय समय पर कई कार्य हुए हैं। जिस कार्य पर आज नाज किया जा रहा है वो हमारी टीम की मेहनत और मेरे पिताजी की मेहनत हैं। आज बाबा का आस्ताना और उसके कैम्पस में शिक्षा का अलख जल रहा है, समाजी, जो काम हुए हैं वह अपने आप मे एक नुमाया है।

उक्त बातें दरगाह चुनाव कमिटी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सोहेल अख्तर गब्बर ने कही। उन्होंने कहा कि सरकारी फंड फण्ड से कमिटी ने बड़े जदोजहद से फंड लाकर हस्पताल, मुसाफिर खाना, छत्रवास, मैरेज हाल ऐसे कई कार्य किये जो आज हम और आप देख सकते हैं।

महिलाओं के लिए सिलाई सेन्टर, गरीब छात्रों के लिए कंप्यूटर सेन्टर खोला जहाँ हजारों छात्र, छत्राएँ शिक्षा पा रहे हैं। ऐसे ही अनगनित काम हैं जो आप बाबा के सरजमी पर देख सकते है।

**खिदमत का मतलब ही है सेवा करना: अय्युब गद्दी :** खिदमत का मतलब है सेवा करना। हम और हमारी टीम सेवा करने के लिए दरगाह कमेटी में आना चाहते हैं। उक्त बातें दरगाह कमेटी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आय्युब गद्दी ने कहीं। उन्होंने कहा कि मेरा एक ही मकसद है दरगाह के कार्यों को आगे बढ़ना और ज्यादा से ज्यादा सरकारी फंड लाना हमारी प्राथमिकता होगी।

## बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ की सभा आज

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई की 19वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन आज गुरु नानक उच्च मध्य विद्यालय ऑडिटोरियम होगा। उक्त सभा में पटना से बैंक अधिकारियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी) के चेयरमेन और फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस के महासचिव कॉमरेड सुनील कुमार, मुंबई से फेडरेशन के अध्यक्ष कॉमरेड निलेश पवार, कोलकाता से चेयरमैन कॉमरेड संजय दास, गांधीनगर से कार्यकारी अध्यक्ष कॉमरेड स्वेतांग त्रिवेदी और भुवनेश्वर से उपाध्यक्ष कॉमरेड कमलजीत महापात्र मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। राज्य इकाई की ओर से बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा, अध्यक्ष कॉमरेड अमित कुमार, एआईबीओसी के झारखंड राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश उरांव, अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी / एसटी / ओबीसी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और एससी / एसटी / ओबीसी कर्मचारी संघ झारखंड राज्य के महासचिव कॉमरेड अरूण जॉन प्रबाल अपने विचार रखेंगे। वार्षिक आम सभा में झारखंड राज्य से अनुमानत 1500 अधिकारी हिस्से लेंगे।

## रांची में खड़ा कर रहा था नक्सली श्रवण पीएलएफआइ का फौज, पुलिस ने दबोचा



**रांची/खूंटी।** खूंटी पुलिस ने लेवी मांग कर दहशत कायम करने में जुटे नक्सली श्रवण को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार श्रवण दास खूंटी के मुरहू, तोरपा, तपकरा और कर्रा थाना क्षेत्र के अलावा गुमला, लोहरदगा और रांची जिले में नए युवकों को संगठन में जोड़ रहा था और पीएलएफआई को फिर से मजबूत करने में जुटा था। साथ ही श्रवण ने लोहरदगा और गुमला जिले में एक बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई थी। पुलिस ने एसपी अमन कुमार को मिली सूचना पर श्रवण दास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एरिया कमांडर श्रवण दास उर्फ फगुवा दास से एक देशी कट्टा, दो 315 बोर का जिंदा कारतूस, एके-47 का चार जिंदा कारतूस, पीएलएफआई संगठन का पर्चा और मोबाइल बरामद किया है। तोरपा डीएसपी ओम प्रकाश तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन का एरिया कमांडर श्रवण दास उर्फ फगुवा दास तपकरा थाना क्षेत्र में बिरता के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में भ्रमणशील है और किसी बड़ी नक्सली घटना को अंजाम देने की फिराक में है। श्रवण के खिलाफ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नक्सली कांड दर्ज हैं। गौरतलब है कि 14 अगस्त की रात श्रवण दास उर्फ फगुवा दास पुलिस से बच निकला था, लेकिन उसके दो सहयोगी गिरफ्तार हुए थे। इधर, पुलिस ने कर्रा में पांच लाख रंगदारी मांगने के आरोप में प्रकाश टूटी उर्फ सूरज को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वह कर्रा के एक ठेकेदार विजय तिर्की से पांच लाख रुपए की रंगदारी मांग रहा था। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।

### 10 सितंबर को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 5000 शिक्षकों को किया जायेगा सम्मानित

# पासवा का डेलिगेशन विस अध्यक्ष से मिला, समारोह में आने को दिया आमंत्रण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष श्री रविंद्र नाथ महतो से मुलाकात कर पासवा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने इस सम्मान समारोह को आयोजित करने में पासवा की भूमिका की सराहना की और इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बनने की सहमति प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल में संजय प्रसाद, राशीद अंसारी, अनिकेत कुमार और मेहुल कृष्णा शामिल थे। पासवा के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि निश्चित रूप से पासवा राज्य में निजी विद्यालयों, शिक्षकों और बच्चों के हित में सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है और सीमित संसाधनों में कार्य कर रहे निजी विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित करना अति सराहनीय है। निश्चित रूप से झारखंड के शिक्षण व्यवस्था को मुख्य धारा में जुड़े रखने के लिए निजी विद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है और निश्चित रूप से उनके शिक्षकों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना बहुत ही आवश्यक है जिसे पासवा बड़े बखूबी निभा रहा है। मालूम हो कि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पासवा द्वारा 10 सितंबर को रांची के आर्यभट्ट सभागार में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें निजी विद्यालयों के 5000 शिक्षकों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य वक्ता एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा इस सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री दूबे ने बताया कि सिर्फ रांची में ही नहीं बल्कि संपूर्ण झारखंड में और झारखंड के प्रत्येक जिले में निजी विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में 16 सितंबर को यह सम्मान समारोह हजारीबाग में आयोजित होगा तथा आगामी 23 सितंबर को यह सम्मान समारोह चतरा में भी आयोजित किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## मारुति मंगल फुटबॉल टूर्नामेंट 17 सितंबर से

**रातू।** धार्मिक संस्था मारुति मंगल परिवार द्वारा हर साल की तरह 17 सितंबर से तीन दिनी फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज होगा। इसमें 32 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के सभी मैच तिगरा टिकरा टोली मैदान में खेले जायेंगे। विजेता को 1 लाख 11 हजार 111 रुपये नकद और एक ट्रॉफी दिया जायेगा। उप विजेता को 77 हजार 777 रुपये नकद व ट्रॉफी, तीसरे और चौथे स्थान में आने वाली टीम को क्रमशः 33 हजार 333 व 11 हजार 111 रुपये नकद व ट्रॉफी भेंट की जायेगी। प्रत्येक मैच में एक खिलाड़ी को मैने ऑफ द मैच और प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द सिरिज से नवाजा जायेगा। प्रवेश शुल्क 11 हजार रखी गयी है। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमेश कुमार ने पत्रकारों को दी।

## श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग

**अनगड़ा।** भजपा अनगड़ा मंडल के पुराना चतरा निवासी सह बुथ अध्यक्ष रामदेव महतो के पिता के श्राद्ध कार्यक्रम हेतु भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो एवं चतरा पंचायत के पूर्व मुखिया सोहन मुंडा के द्वारा सहयोग किया गया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू भाजयुमो रांची जिला ग्रामीण कार्य समिति सदस्य सुप्रेस महतो भाजयुमो अनगड़ा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार महतो रामचरण महतो सहित भाजपा कार्यकर्त मौजूद थे।

## सिल्ली में कांग्रेस पार्टी की बैठक आज

**सिल्ली।** सिल्ली स्थित प्रखंड कांग्रेस पार्टी कार्यालय में रविवार दिन के 12 बजे एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रखंड कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारीए मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारीए एवं अग्रिम संगठनों के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे की। बैठक में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस प्रभारी मो महताब आलम, जिला सचिव नागेश्वर महतो तथा युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विकास रजक उपस्थित रहेंगे।

## बुढ़मू : कोठा मैदान में फुटबॉल मैच 13 से

**बुढ़मू।** प्रखंड क्षेत्र के कोठा मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उदघाटन 13 सितंबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क 4051 रुपया है। प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार पंद्रह हजार नकद एवं बड़ा खस्सी, द्वितीय पुरस्कार दस हजार नकद एवं खस्सीए तृतीय पुरस्कार पांच हजार नकद एवं खस्सी तथा चतुर्थ पुरस्कार तीन हजार पांच सौ नकद एवं खस्सी दिया जाएगा। इसे लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मोबाइल नंबर 9341758182, 9939623085 और 9334854090 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बिजली की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान

**अनगड़ा।** अनगड़ा में बिजली व्यवस्था हम नही सुधरेगे के तर्ज पर पूरी तरह चरमरा गयी है। दो से तीन घंटा तक लगातार बिजली नहीं रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पिछले कई दिनों से बिजली की अनियमित आपूर्ति से लोग हलाकान हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि यदि बिजली दस बजे रात में कटती है तो सीधे डेढ़ से दो बजे रात में आती है। विभाग में फोन करने पर कोई सुनवाई नहीं होती है। वहीं बिजली के तार और खंभे भी काफी जर्जर हो चुके हैं। यहां खंभों पर लगे 45 वर्ष पहले खींचे गये है। कई जगह तो बिजली के तार जमीन से सात-आठ फीट पर झूल रहे हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बिजली उपभोक्ता जब इस ओर विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हैं तो उनकी बातों को अनसुना कर दिया जाता है, जिसे लेकर उपभोक्ताओं में काली आक्रोश है। उपभोक्ताओं ने इसमें तत्काल सुधार करने की मांग की है। बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ता आंदोलन को बाध्य होंगे।

### मेला देखकर लौट रही थी नाबालिग, चार दरिंदों ने किया कुकर्म, तीन गिरफ्तार

# चाकू दिखा नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**नाबालिग के परिजन और ग्रामीणों ने थाना के समक्ष किया हंगामा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र में एक नाबालिक से सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना गुरुवार देर शाम साढ़े सात बजे का बताया जाती है। घटना के बाद परिजन व आसपास के ग्रामीण शुक्रवार की देर रात थाना पहुंच कर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की केडी नेहरू स्टेडियम से श्रवणी मेला देखकर अपने घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान चार दरिंदों ने नाबालिग को रास्ते से चाकू के बल पर उठा लिया और सामूहिक दुष्कर्म किया। वहीं घटना के संबंध में नाबालिग के परिवार वालों ने बताया कि गुरुवार शाम परिवार व बस्ती के अन्य लोगों के साथ केडी में चल रहे मेला देखकर घर लौट रही थी। भीड़ में परिवार की महिलाएं आगे चल रही थीं। पीड़िता के साथ एक नाबालिग लड़का था। इसी दौरान कुछ लड़कों ने दोनों नाबालिगों को चाकू सटा दिया और लड़की को उठाकर अंधेरा में ले गए। नाबालिग लड़का डर गया था। जिसके बाद वह वहां से किसी तरह भाग कर कुछ समय बाद बस्ती पहुंचा और सारी घटना पीड़िता के परिजनों को बताया। इसके बाद परिवार और बस्ती के लोग बच्ची को ढूंढने लगे। रात ग्यारह बजे बच्ची नग्न अवस्था में मिली। घर वाले उसे घर लेकर आए फिर खलारी थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस रात से ही आरोपियों को पकड़ने में जुट गई। वहीं बस्ती के कुछ लड़के शुक्रवार शाम को उसी रास्ते में निगरानी करने लग गए। इस दौरान आरोपी युवक फिर से दूसरी लड़की को उठाने की ताक में वहां आ गए। बस्ती के लड़कों ने दौड़ाकर एक आरोपी को पकड़ लिया। इतने में पुलिस भी वहां पहुंच गई। पकड़े गए आरोपी ने अन्य साथियों का नाम बता दिया। उसके बाद से खलारी पुलिस धरपकड़ जारी रहा, जिसमें तीन आरोपियों को पकड़ कर हिरासत में लिया गया। जबकि चौथा आरोपी फरार बताया जाता है।



खलारी थाना के समक्ष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन करतीं महिलाएं और पुरुष।

**पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी भेजे गये जेल**

सामूहिक दुष्कर्म में पकड़े गए तीन आरोपियों को शनिवार को खलारी पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने बताया कि नाबालिक युवती के फर्दबयान पर खलारी थाना में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि नामजद चार आरोपियों में से तीन आरोपी मैक्लुस्कीगंज का हैए जिसमे पकड़े गए गए तीन आरोपी में मौसम अंसारी, लपरा सेल्टन मेंडिस, लपरा तथा निकेश कुमार गुप्ता महावीरनगर का है, जिसे जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार आरोपी मैक्लुस्कीगंज लपरा निवासी अनुप कुजूर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। जल्द ही वह भी पुलिस की गिरफ्त में होगा। उन्होंने बताया कि पीडित नाबालिक को शुक्रवार की रात मेडिकल प्रशिक्षण के लिए भेज दिया गया था।

## दवा दुकानों की दलाली को लेकर मारपीट और छुरेबाजी में दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** केंद्रीय मनरू चिकित्सा संस्थान (सीआईपी) परिसर में दवा दुकानों की दलाली को लेकर शनिवार सुबह मारपीट की दो घटनाएं घटी है। दो अलग-अलग समय हुई घटनाओं में दो युवक घायल हो गए हैं। इसमें सेमर टोली निवासी 35 वर्षीय रिंकू को सिर में चोट लगी है। वहीं हाथ टूट गया है। जबकि दूसरी घटना में इमरोज नमक युवक का बाया हाथ छूरेबाजी से कट गया है। घायल इमरोज प्राथमिक उपचार के बाद ठीक है। वहीं रिंकू रिम्स में इलाजरत है। दोनों घटनाओं को लेकर कांके थाना में पीड़ित युवकों ने प्राथमिक की दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार दोनों घटनाएं सीआईपी प्रबंधन की घोर लापरवाही का नतीजा है। क्योंकि सीआईपी संस्थान से एक किलोमीटर की दूरी पर दर्जनों दवा की दुकानें हैं। जिसमें से दो-तीन दुकानों को छोड़कर कई दुकानों ने सीआईपी परिसर और ओपीडी में अपने एजेंट छोड़ रखे हैं। यही एजेंट अस्पताल में बाहर से इलाज कराने आए मरीजों व इनके अभिभावकों को गुमराह कर दवा दुकानों में छूट दिए जाने का प्रलोभन देकर दवा दुकानों तक पहुंचाते हैं। इसके लिए एजेंटों को कमीशन मिलता है। इस कार्य में कई टेंपो चालक भी शामिल बताए जाते हैं।

**कई राज्यों से इलाज कराने आते हैं रोगी**

सूत्रों ने बताया कि इसमें अस्पताल के चार से पांच कर्मचारियों सहित 1 से 2 ओपीडी में बैठने वाले चिकित्सक भी दवा दुकानों से सांठगांठ रखते हैं। बताते चले की अस्पताल में झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, अगरतल्ला, ओंड़ीसा, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के मानसिक रोगी इलाज के लिए आते हैं। बताते चले की इस मामले पर कांके थाना पुलिस और अस्पताल प्रबंधन शीघ्र संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई नहीं करता है तो बड़ी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** प्रखंड के छापर में शुक्रवार देर रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार छापर निवासी अशोक लोहार 35 वर्ष चुरूगढ़ा से शुक्रवार बाजार करके मोटरसाइकिल से अपने साथी अमर लोहार 30 वर्ष के साथ अपने घर छापर वापस आ रहे थे। इसी दौरान दोनों अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आ गये, जिससे घटनास्थल पर ही अशोक लोहार की मौत हो गई। जबकि अमर लोहार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर आ रही तमाम ट्रैक्टरों को रोक दिया और सड़क को जाम कर दिया। सूचना पाकर मौके पर बुढ़मू पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। और मामले को शांत कराया साथ ही शव को बुढ़मू थाना लाया गया। मामले को लेकर अज्ञात ट्रैक्टर के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

**बोलेरो के धक्के से बाइक सवार दो घायल**

**तमाड़।** थाना क्षेत्र रांची टाटा मार्ग खक्सीडीह के समीप शनिवार सुबह दस बजे बोलेरो के चपेट में आने से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलेरो डोडेया मोड़ से विपरीत दिशा में रांची की ओर जा रहा था। वही बाइक सवार बोकारो से सारजमडीह अपने गांव आ रहे थे। इसी बीच खक्सीडीह के निकट विपरीत दिशा से आ रहे थे। बोलेरो से आमने-सामने की टक्कर हो गया। जिससे बाइक सवार नेहरू टुडू बोकारो निवासी एवं सोमू सेठ सारजमडीह निवासी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तमाड़ पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस सें तमाड़ सीएचसी भेजा। सीएचसी में इलाज करने के बाद सोमु सेठ की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया।

## खलारी : ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मैक्लुस्कीगंज बालूमाथ मुख्य पथ पर हेसालोंग मंगरुतरी के पास ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को अपने चपेट में लिया। ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना लगभग 10.45 की बतायी जाती है। मिली जानकरी के अनुसार मोटरसाइकिल जेएच 01सीभी 7113 में सवार दिनेश उरांव (28 वर्ष) मैक्लुस्कीगंज लपरा के तरफ से तेल लेकर अपने घर बघमरी आ रहा था। वही ट्रक जेएच 01बीटी 8717 बालूमाथ के तरफ से खाली ट्रक आ रही थी। इस दौरान मंगरुतरी तीखी मोड़ के पास ट्रक ने मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का दोनो पैर व एक हाथ टूट गया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने आनन फानन में अपनी बाइक से ही डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल पहुँचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स भेज दिया गया है।

### एक नजर में

## बेहराजारा में हाथियों ने रौंद डाली धान की फसल



**सोनाहातू।** प्रखंड के बेहराजारा गांव में रामकृष्ण सेवा आश्रम के सामने बीती रात को हाथियों के झुंड ने 10 एकड़ खेतों में धान का फसल को खाया ओर रौंद दिया है। किसानों ने काफी मेहनत और पूंजी लगा कर धान की खेती किया है। धान अब तैयार होने को है। सारी मेहनत को एक ही रात में उजड़ते देख किसान काफी हताश हो चुके है। किसान अमूल्य महतो, तुलसी महतो, मनोरंजन महतो, कृष्ण महतो, प्रधान महतो, विजय महतो, पार्थो महतो, मोहन महतो, लीला देवी, चामरा महतो, मखन महतो, प्रितनाथ महतो, प्रथम महतो, राजू महतो, शिवेश्वर महतो का फसल नष्ट हुआ है। किसानों ने वन विभाग को क्षति की जानकारी देकर हाथी भागने की मांग किया है साथ ही उचित मुआचा तत्काल देने की बात कही है। हाथियों का झुंड बांस वन में पहुंच गये हैं।

## चोरी की बाइक और जेवरात के साथ चोर धराया

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के गागरसतीया स्तिथ अड़की सांसद प्रतिनिधि अनूप कुमार साहू के आवास सें 2 जुलाई की रात्री चोरो ने 3.50 लाख के जेवरात और स्कॉर्पियो की चोरी कर ली थी। घटना के एक दिन बाद नामकुम क्षेत्र सें स्कॉर्पियो वाहन को तमाड़ पुलिस ने लावारिस हालत में बरामद किया था। वहीं एक अन्य मामला 28 अगस्त की रात्री चोरो ने तमाड़ थाना क्षेत्र डोडिया मोड़ स्तिथ संजय केसरी के घर से बाइक की चोरी हुई थी। इसी मामले के अनुसंधान के क्रम में गठित टीम के द्वारा वाहन चेकिंग के क्रम में चोरी की गयी मोटरसाइकिल के साथ सलगाडीह निवासी विवेक सिंह मुंडा को पुलिस ने दबोचा। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर गिरफ्तार युवक ने अनूप कुमार साहू के आवास पर हुई चोरी की घटना को स्वंय अंजाम देने की बात स्वीकार किया। इनकी निशानदेही पर चोरी के जेवरात और स्कॉर्पियो की चाबी को भी पुलिस ने बरामद किया। शनिवार को आरोपी विवेक सिंह मुंडा को जेल भेजा गया।

## रेल लाइन किनारे से महिला का शव बरामद

**सिल्ली।** मुरी बोकारो रेल मार्ग के झालदा कोटशीला के बीच शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे झालदा आरपीएफ ने 55 वर्षीय महिला का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार ड्यूटी में तैनात आरपीएफ को सूचना मिला की रेलवे लाइन के किनारे एक शव पड़ा हुआ है। आरपीएफ घटना स्थल पर पहुंच शव को आसनसोल बोकारो मेमु पेसेंजर ट्रेन से मुरी ले जाया गया। जहाँ रेलवे के चिकित्सक प्रभारी डॉक्टर जे कच्छप ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। मुरी जीआरपी ने शव को अपने कब्जे मे लेकर युडी केस दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। महिला की पहचान अंकुरी धीवर पति हराधन धीवर झालदा पुरुलिया की रहने वाली थी।

## सांसद ने राहे के पूर्व मुखिया को दी श्रद्धाजंलि

**राहे।** रांची सांसद संजय सेठ शनिवार को राहे प्रखंड के सोसो, चुतरुडीह और राहे गांव में सामाजिक कार्य में शामिल हुए। राहे गांव पूरे पूर्व मुखिया उमानंद सिंह के निधन पर श्रद्धाजंलि अर्पित किये। ज्ञात हो कि पूर्व मुखिया काफी लोकप्रिय थे और इनका निधन 3 जुलाई को हुआ था। इस क्रम में सांसद ने प्रखंड के लोगों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं पर चर्चा किये। राशन वितरण, बिजली, सड़क आदि समस्याओं को सुन कर वरीय अधिकारियों के समक्ष रखने का आशवासन दिये।

## जमीन कारोबारी का नहीं मिला सुराग कॉल डिटेल्स खंगाल रही है पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** ललितग्राम से 31 अगस्त को लापता जमीन कारोबारी नवीन मिश्र का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पत्नी साधना पाठक के बयान पर दर्ज प्राथमिकी पर पुलिस टेक्निकल सेल से सीडीआर निकाल कॉल डिटेल्स और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। डीएसपी प्रवीण सिंह कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो कर्ज की बोझ से दबे नवीन ने खुद को भूमिगत कर लिया है ताकि लेनदेन से बचा जा सके, लेकिन साधना ने उनके बिजनेश पार्टनर और पड़ोसी सोमनाथ पांडेय पर ही हत्या की आशंका जता समाज और पुलिस दोनों को गुमराह कर रही है। हालांकि जिस गति से मामले की जांच चल रही हैए जल्द ही कांड पर से पर्दा उठने की उम्मीद है। बताते चलें कि नवीन मिश्र गुरुवार को दिन के साढ़े तीन बजे पार्टनर के फोन कॉल आने पर यह कह कर घर से निकला कि रुपये देने के लिये बुलाया जा रहा है। इसके बाद से वह लापता है।

**कार से निकले थे दोनों**

मुहल्ले के लोगों ने बताया कि नवीन को सोमनाथ पांडेय की कार में जाते देखा गया था, लेकिन घर लौटने की खबर नहीं है। नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि नवीन की देनदारी बढ़ गयी है। सुबह से शाम तक तगादा के लिये दरवाजे पर तांता लगा रहता है। इससे बचने का गलत तरीका अपनाते हुये उन्होंने स्वयं को गायब कर लिया है।

## गोरे और टांगरबसली की टीम ने जीता मैच

**शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में दो सितंबर को खेले जा रहे दूसरे दिन का पहला मैच एलकेटी करमटोली लोयो और संत जेवियर्स इंटर कॉलेज मांडर के बीच खेला गया। लोयो ने रोमांचक मुकाबले में संत जेवियर्स को ट्राइब्रेकर में 3-2 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं अन्य मैचों में खान ब्रदर्श गोरे, मांडर ने एकतरफा मुकाबले में स्टेप अप इंस्टीच्यूट जाम टोली रोड, बेड़ो को 4-0, यूनाइटेड एफसी बीजुलिया पंचायत, रातू ने आदर्श युवा विकास क्लब, महुआजाड़ी को 3-2, एसएस कॉलोनी चांदनी चौक इमरोज टीम, टांगरबसली ने खलखो ब्रदर्श कंजिया को 4-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं खान ब्रदर्श गोरे ने 3-0 करमटोली और टांगरबसली ने 4-0 गोल से बीजुलिया पंचायत को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। समय नहीं रहने के कारण गोरे व टांगरबसली के बीच का मुकाबला अब पांच सितंबर को होगा।



बुढ़ाखुखरा खेल मैदान में खेला जा रहा फुटबॉल मैच

**मैच के आयोजन में इनका रहा सहयोग**

आयोजन समिति के अध्यक्ष मो शकिब (छोटू) पितरुस खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, वाजिद खान (गोरे) संदीप कुजूर, मो रकीब मो अबदुल, नंदलाल केवट, मोहन खलखो, झुमनू उरांव, तारुफ उरांव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बचरा में श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** बचरा चार नंबर फुटबॉल मैदान में शनिवार से नौ दिनों तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। महायज्ञ के पहले दिन भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। शनिवार को प्रातः करीब नौ बजे से ही यज्ञ समिति द्वारा कलश यात्रा की तैयारी प्रारंभ हो गई थी। कलश यात्रा में शामिल धर्म प्रेमियों द्वारा बचरा सिद्धेश्वर नाथ शिव मन्दिर से प्रातः कलश यात्रा निकाली गई जो झुला पुल सपही नदी तट पहुंचने के पश्चात श्री श्री 1008 श्री पौराणिक जी महाराज द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के विधिवत पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात हमें तो फिर इसी कलर्स यात्रा में शामिल महिलाओं द्वारा कलश में जल भरकर वापस बचरा बाजार टांड़ का परिभ्रमण करते हुए पुनः शिवमन्दिर तक पहुंची। कलश पहुंचने पर पुरोहितों द्वारा पुरे विधि.विधान से इसकी स्थापना यज्ञ मंडप में की गई।



बचरा में निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

## रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक में झंडा उखाड़ फेंकने का विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक शनिवार को अंबेडकर पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता इंदिरा तुरी एवं संचालन राजेश तुरी ने की। इस बैठक में तुरी समाज के पूजा स्थल को क्षतिग्रस्त करने एव पूजा स्थल बाँसपति स्थल में गड़े सरना झंडा को कुछ सीसीएल के पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों के द्वारा उखाड़ फेंकने की घटना पर कड़ा विरोध किया गया ।मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि खदान खुलने के कारण यहां के रैयत विस्थापित की केवल जमीन ही नही बल्कि यहां के सरनाएमसना एव धार्मिक स्थल देवी मंडपएग्राम देवता एव सांस्कृतिक धरोहर का भी अस्तित्व समाप्त होते जा रहा है जबकि प्रबंधन ने खदान खुलने के समय इन सांस्कृतिक एव धार्मिक स्थलों को सरंक्षित करने के लिए कोई पहल नही किया गया बल्कि प्रबंधन अब रैयत विस्थापित के सांस्कृतिक एव धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ कर रहा है।

## गांव-गांव जाकर सांसद संजय सेठ ने सुनीं लोगों की समस्याएं



गांव में जाकर लोगों की समस्याएं सुनते सांसद संजय सेठ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** रांची सांसद संजय सेठ शनिवार को सिल्ली पहुंचे इस दौरान उन्होंने एलाके के पिस्का, बिसरिया, कुटाम एवं छोटा मुरी का दौरा किया। ज्ञात हो कि प्रखंड के पिस्का गांव जहां पिछले दिनों कुंआ धंसने से 6 लोगों की मौत हुई थी उनके परिजनों से सांसद संजय सेठ ने मुलाकत किया। उन्होंने गहरा शौक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया तथा उनके मुआवजे को लेकर जरुरी पहल करने की आश्वासन दिया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष धीरज महतो, मुखिया सोमरा बेदिया, सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, सुधीर साहू, भोला बेदिया, बुधराम बेदिया समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं बिसरियागांम में ग्रामीणों के साथ मुलाकात की। जहां ग्रामीणों ने सांसद से गांव के पहुंच पद के समस्या को लेकर शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि बिसरिया गांव पहुंच पथ पर रेलवे की जमीन होने कारण अन्य विभाग से सड़क नहीं बन पा रही है न ही रेलवे की ओर से सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिससे आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने उनकी समस्या सुनी एवं रेल मंत्री से वार्ता कर अविलंब समाधान का आश्वासन दिया।

# प्राइवेट स्कूलों को मात दे रहा बारीडीह का सरकारी स्कूल

**शिक्षा से संवर रहा बच्चों का भविष्य**

नौशाद अख्तर

**इटकी।** प्राइवेट स्कूलों को मात दे रहा है इटकी प्रखंड के बारीडीह गांव का सरकारी स्कूल। यहां के बच्चे फरार्टेदार इंग्लिश बोलते हैं। वहीं अन्य विषयों पर भी इनकी अच्छी पकड़ है। राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारीडीह, इटकी प्रखंड के सरकारी स्कूलों के बीच एक मिसाल कायम किया है। यह सब संभव हो पाया है विद्यालय के प्राचार्य वीर बहादुर सिंह के शिक्षा के प्रति समर्पण व कड़ी मेहनत से।

प्राचार्य वीर बहादुर सिंह ने जानकारी दी कि वर्ष 2017 में वह स्कूल में योगदान दिये। उस समय करीब 80 बच्चे स्कूल आते थे। ग्रामीणों के बीच जाकर बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किये। इसके बाद सबसे पहले पढ़ाई में फोकस किये और बच्चों को अनुशासन के साथ बेहतर शिक्षा प्रदान करना शुरू किये तो हालात बदले। वर्तमान में करीब तीन सौ बच्चों का स्कूल में नामांकन है। स्कूल में तीन शिक्षक व चार प्रतिनियुक्त शिक्षक हैं। इसके अलावा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के विद्यार्थियों का भी सहयोग लेकर क्लास में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। अब बच्चे इंग्लिश बोलते है। साथ ही हिंदी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित अन्य विषयों में भी इनकी अच्छी पकड़ है। बारीडीह गांव के ताहिर अंसारी ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार भी मिल रहा है।



इटकी के बारीडीह स्कूल में पढ़ाई से पहले प्रार्थना करते बच्चे।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हुए हैं सम्मानित**



शिक्षक वीर बहादुर सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 2022 में शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षक सम्मान समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी कमला सिंह के हाथों सम्मानित किया गया है। जिला स्तरीय सम्मान समारोह में उन्हें मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, 50 हजार रुपये व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया है।

**स्कूल में सभी विषय की होती है पढ़ाई**

स्कूल के वर्ग सात के लक्ष्मी कुमारी, निक्की महली वर्ग आठ के गुलअफसा व करण सिंह ने बताया कि स्कूल में सभी विषय की पढ़ाई होती है। कोई भी क्लास बिना शिक्षक के नहीं होता। स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ कई तरह के एक्टिविटी कराई जाती है। फुटबॉल, खोखो, कबड्डी, क्विज व गीत संगीत में भाग लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से हमे मजबूती मिलती है।

